स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 12.01.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

लोक सुराज अभियान शिविर का शुभारम्भ

भिलाई नगर/ छ0ग0 शासन के केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय, महापौर देवेन्द्र यादव, वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक विद्यारतन भसीन, निगम सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव, आयुक्त के0एल0 चौहान, पार्षदगण ने लोक सुराज अभियान शिविर का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि छ0ग0 शासन ने नागरिकों से उनकी समस्याओं को समाधान करने तथा समास्याओं को जानने के लिए आज से लक्ष्य समाधान शिविर का आयोजन पुरे प्रदेश में आयोजित किया गया है।

इसी कड़ी में निगम भिलाई में भी मुख्य कार्यालय सहित समस्त जोन कार्यालयों में शिविर लगाकर नागरिकों की समस्याओं का आवेदन स्वीकार किये जा रहें है। आयुक्त के0एल0 चौहान आज प्रातः 9 बजे से ही समस्त शिविर स्थल का निरीक्षण कर बताया कि नागरिक अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन आधार कार्ड के साथ प्रस्तुत कर सकतें है। शिविर स्थल पर विभागवार काउंटर लगाये गयें है जहॉ नागरिकों द्वारा प्रस्तुत किये गये समस्याओं से संबंधित आवेदन को सबंधित विभाग के काउंटर में जमा कर पावती दी जा रही है प्रत्येक शिविर स्थल पर नोडल अधिकारियों के साथ अधिकारी, कर्मचारियों की ड्युटी लगाई गई है प्राप्त आवेदनों को उसी दिवस ऑन लाइन भी किया जावेगा। इसके अतिरिक्त शिविर स्थल पर शिकायत एवं सुझाव पेटी भी रखवाया गया है जिसमें नागरिक अपने गोपनीय शिकायत का आवेदन डाल सकतें है। जिसे पंचनामा के पश्चात् खोला जावेगा।

श्री चौहान ने आगे कहा कि नगर पालिक निगम से संबंधित आवेदन लोक सुराज अभियान 2018 लक्ष्य समाधान का छ0ग0 शासन के इस अभिनव प्रयास को मूर्त रुप देते हुए निगम क्षेत्र के रहवासियों को विभिन्न समाधान शिविर में निम्नलिखित सुविधाएं शत्–प्रतिशत उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है, स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 का प्रचार–प्रसार, दिव्यांगजनों को दी जाने वाली सुविधाओं का प्रचार–प्रसार, असंगठित कर्मकार का पंजीयन एवं दिये जाने वाली सुविधाओं का प्रचार–प्रसार, शिक्षित बेरोजगार युवाओं का कौशल प्रशिक्षण हेतु प्रचार–प्रसार, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के हितग्राहियों का विवरण, राशन कार्ड एवं खाद्यान्न वितरण, पेंशन प्रकरण का समाधान, आधार शिविर, आय,जाति, निवास प्रमाण–पत्र, जन्म प्रमाण–पत्र, अन्य समस्या एवं शिकायतें।

लोक सुराज अभियान 2018 तीन चरणों में आयोजित होने वाले अभियान के प्रथम चरण में नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय सहित समस्त जोन कार्यालय 01, 02, 03, 04, 05, व 06 में चिन्हांकित स्थानों पर शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर का निरीक्षण निगम आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के द्वारा किया गया एवं शिविर में संलग्न अधिकारी, कर्मचारियों को दिशा निर्देश देते रहे।

मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय में लगे शिविर से कुल 1079 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें पेटी से प्राप्त आवेदन भी सम्मिलित है जोन–01 से कुल 139 मांग 113 शिकायत 26, जोन–02 कुल 129 मांग 100 शिकायत 29, जोन–03 कुल 321 मांग 306 शिकायत 15, जोन–04 कुल 213 मांग 178 शिकायत 35, जोन–05 कुल 55 मांग 45 शिकायत 10, जोन–06 कुल 208 मांग 198 शिकायत 10, मुख्य

कार्यालय 14 कुल मांग 05 शिकायत 09 के आवेदन जमा हुए जो नागरिक अपने आवेदन खुले रुप से जमा नहीं कर रहें थे उन्हे शिविर के नोडल अधिकारी एवं उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों ने शिविर स्थल पर रखे गये शिकायत पेटी में आवेदन जमा करने की सलाह दी गई।

जन सम्पर्क अधिकारी